p>

Title: Need to open Kendriya Vidyalaya in Bankura district in West Bengal.

श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर): सर, मैं झगड़ा करने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं । मेरे बांकुरा जिले के अंदर दो लोक सभा क्षेत्र हैं - एक बांकुरा और बिशनुपुर । मेरा आपके माध्यम से एचआरडी मिनिस्टर से अनुरोध है कि मेरे जिले में जंगल के एस.सी/एस.टी. के लोग ज्यादा रहते हैं । बहुत सारे केंद्रीय नौकरी करने वाली फैमिली भी रहती हैं । इनके लिए मैं एक केन्द्रीय विद्यालय की मांग करना चाहता हूं । बांकुरा एवं बिशनुपुर लोक सभा क्षेत्र के अंदर एक केन्द्रीय विद्यालय की आवश्यकता है । यह बहुत जरूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल में यही एक जिला है जहां केन्द्रीय विद्यालय नहीं है, जो सेंट्रल गवर्नमेंट के अंडर काम करते हैं, उनको बहुत प्रोब्लेम होता है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण । मेरा आपसे आग्रह है कि हम स्पष्ट रूप से अपने क्षेत्र की जो भी मांग रखनी है, यदि वह मांग केंद्र से संबंधित हो तो ज्यादा उचित रहेगा । राज्य का भी ऐसा विषय हो जो राज्य और केंद्र से संबंधित हो तो सदन की गरिमा रहेगी ।